# कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या– 505 /न0पा0परि0 गढ़–निविदा (निर्माण)/2025–26 दिनांक– 14/05/2025

## –: पुनः अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से वर्ष 2024–25 हेतु 15वॉ वित्त आयोग के बुनियादी अनुदान के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त/प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु डबल बिड पद्धति से ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर दिनांक–16/05/2025 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 30/05/2025 की दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक–30/05/2025 को दोपहर 04.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना **https://etender.up.nic.in** एवं पालिका वेबसाइट **http://nppgarhmukteshwar.nppnp.com** पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे।

| | |
|---|---|
| Tendre reference | /NPP Garhmukteshwar/2024 |
| Publish date and Time for E-Tender | 16-05-2025 10:00 A.M |
| Start date of downloading E-Tender | 16-05-2025 10:00 A.M |
| Last date and time for submission of E-Tender | 30-05-2025 12:00 P.M |
| Date and time of opening E-Tender | 30-05-2025 04:00 P.M |
| Place of opening E-Tender | Office NPP Garhmukteshwar Hapur |
| E-Tender security | 10% of estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

**नोट :–**

1–निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग ई–निविदा शुल्क की धनराशि एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/बैंक जमा स्लिप/प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

2–निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग ई–निविदा धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद,गढ़मुक्तेश्वर के पदनाम से बन्धक होगी अथवा एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/बैंक जमा स्लिप/प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

3–निविदादाता को ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) की बैंक द्वारा जारी जमा की स्लिप/प्रमाण पत्र मूल रूप में दिनांक–30/05/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से पूर्व मूल रूप से जमा होने वाले अन्य प्रपत्रों सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर में रखे टैण्डर बॉक्श में डालें जा सकतें हैं। बिना धरोहर धनराशि/टैण्डर मूल्य धनराशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

14/05/25

(पवित्रा त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर
(हापुड़)

(एडवोकेट राकेश बजरंगी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर
(हापुड़)

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।**

1–कार्यालय जिलाधिकारी महोदया, हापुड़।

2–अपर जिलाधिकारी(वि0 / रा0) महोदय, हापुड़।

3–उपजिलाधिकारी, महोदय गढ़मुक्तेश्वर।

4–दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण / आज को इस आशय से कि निविदा सूचना का प्रकाशन कम से कम स्थान में न्यूनतम दरों पर कराकर समाचार पत्र की पॉच–पॉच प्रतियॉ कार्यालय नगर पालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5–कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर।

6–कार्यालय नगरपालिका परिषद,गढ़मुक्तेश्वर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने हेतु।

14/08/25

निर्माण लिपिक
नगर पालिका परिषद
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

अवर अभियन्ता
नगर पालिका परिषद
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

# कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या- 505 /न0पा0परि0 गढ़–निविदा (निर्माण)/2025–26 दिनांक- 14/05/2025

## –: पुनः अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से वर्ष 2024–25 हेतु 15वॉ वित्त आयोग के बुनियादी अनुदान के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त/प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु डबल बिड पद्धति से ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** एवं पालिका वेबसाइट **http://nppgarhmukteshwar.nppnp.com** से प्राप्त किये जा सकते है :–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्यों की निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ व अन्तिम तिथि | | | दिनांक- 16-05-2025 (प्रातः 10:00 बजे) से<br>दिनांक- 30-05-2025 (अपराह्न 12:00 बजे) तक | | | | |
| कार्यो की निविदा खोलने की तिथि | | | दिनांक- 30-05-2025 (अपराह्न 04:00 बजे) | | | | |
| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (GST. रहित) | जी0एस0टी0 | अनुमानित लागत (GST. सहित) | 10% अग्रिम धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित | कार्य की अवधि |
| 1 | वार्ड न0–09 शेरा किशना मढ़ैया में सुभाष से जामुन के पेड़ तक श्रीपाल से विजय तक एवं सहायक गली में इन्टरलॉकिंग सड़क नाली निर्माण कार्य। | 26,62,487–78 | 4,79,247–80 | 31,41,735–00 | 2,66,250–00 | 3,142–00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड न0–12 दयाचन्द के मकान से विनोद के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 3,51,502–39 | 42,180–29 | 3,93,682–00 | 35,150–00 | 3,94–00 | 01 माह |
| 3 | वार्ड न0–13 मौ0 महावीर कॉलोनी में स्याना रोड़ से इरशाद की दुकान से देवराज चौधरी के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग कार्य | 27,91,285–84 | 5,02,431–45 | 32,93,717–00 | 2,79,128–00 | 3294–00 | 03 माह |
| 4 | ब्रजघाट वार्ड न0–15 में प्रेम शर्मा के मकान से मालती के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग कार्य। | 6,43,236–44 | 1,15,782–56 | 7,59,019–00 | 64,324–00 | 7,59–00 | 02 माह |
| 5 | ब्रजघाट वार्ड नं0 15 में पलवाड़ा मार्ग से सुरेश के मकान होते हुये राकेश के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क नाली निर्माण कार्य। | 4,73,417–16 | 85,215–09 | 5,58,632–00 | 47,342–00 | 5,58–00 | 01 माह |
| 6 | वार्ड नं0 17 में राकेश पंड़ित जी के मकान से होते हुये पप्पू यादव के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 1,33,553–06 | 24,039–55 | 1,57,592–00 | 13,355–00 | 1,60–00 | 01 माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वार्ड न0–17 तार गली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रसोई घर का निर्माण कार्य। | 3,98,013–72 | 71,642–46 | 4,69,656–18 | 39,800–00 | 4,70–00 (0ए | 01 माह |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राथमिक विद्यालय गढ़ न0–01 में शौचालय निर्माण एवं मरम्मत का कार्य। | 2,53,746–41 | 45,674–35 | 2,99,420–76 | 25,374–00 | 300–00 | 01 माह |

**–: नियम व शर्ते :–**

1. निविदादाता को प्रत्येक निविदा कार्य से सम्बन्धित 10% धरोहर राशि पृथक–पृथक रूप से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर से FDR/NSC/TDR के रुप में, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् गढ़मुक्तेश्वर के पक्ष में बन्धक होगी अथवा HDFC बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में पालिका के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में Online RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करनी अनिवार्य होगी। बैंक/डाकघर से जारी FDR/NSC/TDR एवं Online जमा की पावती रसीद स्कैन कर तकनीकी बिड में लगायी जानी अनिवार्य होगी एवं मूल प्रति नियत तिथि एवं समय पर पालिका के निर्माण विभाग में रखे टैण्डर बॉक्स में डालनी होगी। यदि निविदादाता द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर से FDR/NSC/TDR सत्यापन में सही नही पाई जाती है तो सम्बन्धित निविदादाता के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने का अद्योहस्ताक्षरी को अधिकार होगा।
2. निविदा प्रतिशत दर पर मान्य होगी। किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा तथा सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।
3. तकनीकी बिड़ में निम्नलिखित प्रपत्र/प्रमाण–पत्र संलग्न करने होगें।
   (A) किसी भी सरकारी विभाग में निविदादाता का पंजीकरण होना चाहिए। निविदा न्यूनतम आने पर नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर में 3 दिन के अन्दर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
   (B) जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण–पत्र, पेन कार्ड, लेबरसेस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की स्वः सत्यापित प्रति।
   (C) निविदा मूल्य Online RTGS/NEFT द्वारा HDFC बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में पालिका के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में जमा किया जायेगा उसकी पावती रसीद की स्वः प्रमाणित प्रति।
   (D) फर्म द्वारा यदि अपना कोई प्रतिनिधि नियुक्त किया जाता है, तो फर्म द्वारा जारी अधिकृत प्रमाण–पत्र।
   (E) जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र व हैसियत प्रमाण पत्र की स्वः सत्यापित प्रति।
   (F) विगत तीन वर्षो का औसत टर्न ओवर, जो आगणन राशि के 30 प्रतिशत से अधिक का हो, का प्रमाण–पत्र।
   (G) समान प्रकृति कार्य (निर्माण सी0सी0 रोड़, इन्टरलॉकिंग सड़क,.) करने का एकल अनुभव प्रमाण–पत्र सत्यापित प्रति जो कार्य की लागत का कम से कम 1/3 लागत का होना चाहिए।

## सामान्य शर्ते

4. विभाग द्वारा किसी प्रकार की सामग्री अथवा मशीनरी निर्गत नही की जायेगी।
5. निविदा के सम्मुख कार्य समाप्ति की अवधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा की वैधता निविदा की प्राप्ति के 90 दिन के लिये होगी। जिसका उल्लेख 100/– रू0 के स्टाम्प पेपर पर करना होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नही किया जा सकेगा। प्रत्येक निविदा के साथ कॉलम संख्या–5 में अंकित निविदा का मूल्य ही मान्य होगा, जो HDFC बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में पालिका के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में Online RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कर जमा की स्लिप/प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इच्छुक निविदादाता अन्य शर्तें एवं जानकारी नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के सम्बन्धित कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायः 5:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** से दिनांक–16/05/2025 प्राप्तः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।
7. पात्र तकनीकी बिड सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जाने पश्चात ही वित्तीय बिड खोली जायेगीं।
8. निविदादाता द्वारा प्रत्येक निविदा के साथ निम्नांकित प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में रख कर नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ के कार्यालय में दिनांक–30/05/2025 दोपहर 04:00 बजे से पूर्व निर्माण विभाग के कक्ष में रखे टैन्डर बॉक्स में डाले जा सकेगें।
   (1) निविदा प्रपत्र मूल्य HDFC बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में पालिका के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड HDFC0006741 में Online RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा जिसकी पावती रसीद स्कैन कर तकनीकी बिड में लगायी जानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदादाता की तकनीकी बिड पर कोई विचार नही किया जायेगा।

AR

(2) धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र (बिडिंग डाक्यूमेंट) में निर्धारित एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीकृत बैंक / डाकघर द्वारा जारी किसी एक के रूप में देनी होगी, जो की अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ के पदनाम मूल रुप से बन्धक होगी अथवा HDFC बैंक शाखा गढ़मुक्तेश्वर में पालिका के खुले खाता संख्या–50100526386712 IFSC कोड़ HDFC0006741 में Online RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करनी अनिवार्य होगी और निविदा खोलने से पूर्व पालिका में रखे टैण्डर बॉक्स में डालनी होगी।

(3) शपथ–पत्र टी–6 मूल रुप से प्रस्तुत कराना अनिवार्य होगा। जिस पर ठेकेदार / फर्म का पास पोर्ट साईज फोटो लगा होना चाहिए वह फोटो नोटेरी द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

(4) निविदादाता को निविदा के साथ रु0 100/– का स्टाम्प पेपर रु0 1/– का रसीदी टिकट लगाकर उस पर क्रॉस (आधा स्टाम्प पर आधा टिकट पर) हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(5) आई0बी0टी0 के क्लॉज सं0–4.4 B(c) (i) के अनुसार कोई भी निविदादाता जिसका सम्बन्धी अथवा उनकी पत्नि का कोई निकट सम्बन्धी (निकट / प्रथम रक्त सम्बन्धी अथवा उनकी पत्नि) अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के रुप में कार्यरत हो अथवा अधिशासी अधिकारी स्तर से अवर अभियन्ता स्तर तक (दोनों को सम्मिलित करते हुए) कार्य दॉयी संस्था में कार्यरत होगा वह निविदा डालने के लिए योग्य नही होगा। निविदादाता द्वारा यह शपथ–पत्र भी दिया जायेगा, जिसमें उसके सम्बन्धियों के नाम तथा उनके पदनाम का उल्लेख होगा, जो की कार्यदायी संस्था में कार्यरत हों।

(6) आई0बी0टी0 के क्लॉज सं0–4.4 B(c) (ii) के अनुसार कोई राजपत्रित अभियन्ता अथवा राजपत्रित अधिकारी, जो कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रशासकीय विभाग में कार्यरत हो, सेवानिवृत्ति की अवधि दो वर्ष के बाद तक बिना सरकार के अनुमति के ठेकेदार के काम के लिये प्रतिबन्धित होगें। ऐसी स्थिति में यदि यह पाया जाता है कि ठेकेदार अथवा उसके प्रतिनिधि / कर्मचारी ने निविदा डालने से पहले राज्य सरकार से अनुमति नही ली है, तो उसका ठेका निरस्त किया जा सकता है। निविदादाता द्वारा इस आशय का शपथ–पत्र निविदा के साथ संग्लन करना अनिवार्य होगा।

(7) उपरोक्त दस्तावेज नियत दिनांक एवं समय पर मूल रूप में सीलबन्द लिफाफे में रख कर कार्यालय नगरपालिका परिषद,गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ में रखे टैण्डर बॉक्स में न डालने पर सम्बन्धित निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

9. निविदा से सम्बन्धित विवरण निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग विशिष्टयों मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्ते, जिनका ठेकेदार द्वारा पालन किया जाना है, को सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

10. ऐसे निविदादाता जिसका आपराधिक रिकार्ड है, वह टैन्डर प्रकिृया में भागीदारी नही कर सकेंगे।

11. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि कौंसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबन्धित होंगे। (निविदा डालने के योग्य नही होंगे)।

12. कार्य स्थल की आवश्यकताओं के अनुसार मात्राओं में विचलन हो सकता है, जिसके लिये ठेकेदार बाध्य होगा।

13. निर्माण कार्य पर उच्च्च अधिकारियों द्वारा जॉच के दौरान किसी प्रकार की वसूली निकलती है तो उसका व्यय वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

14. प्रत्येक निविदादाता निविदा देने से पूर्व उक्त सूची में अंकित निर्माण कार्य के स्थल का भली भॉति निरीक्षण अवश्य कर लें। निविदा स्वीकृति से पूर्व सम्बन्धित आगणन की तकनीकी विश्लेषण अनिवार्य होगी।

15. कार्य स्थल पर समस्त सुरक्षात्मक उपबन्ध करने का दायित्व सम्बन्धित निविदादाता / फर्म का होगा तथा किसी प्रकार की दुर्घटना आदि होने पर निविदादाता ही उत्तरदायी होगा।

16. अनुबन्ध हेतु स्टाम्प द्वितीय पक्ष द्वारा अपने खर्चे पर खरीदना होगा। स्टाम्प शुल्क की धनराशि में यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे पूरा कराने की समस्त जिम्मेदारी द्वितीय पक्ष की होगी। निर्धारित धनराशि के जनरल स्टाम्प पर क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व द्वितीय पक्ष होगा।

17. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या–11593 / नौ–5–2021–14सा / 2021 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 के अनुसार जिन कार्यों हेतु प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10% के नीचे प्राप्त होती है तो उस दशा में प्रथम 10% तक के लिये परफोरमेंन्स सिक्योरिटी 03% रहेगी। परन्तु उसके पश्चात प्रत्येक 1% नीचे दर हेतु 0.5% अतिरिक्त परफोरमेंन्स सिक्योरिटी जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायगी। यह लाभ विवादित कार्यों / न्यायिक प्रकरणों एवं आर्बिट्रेशन में आच्छादित प्रकरणों हेतु अनुमन्य नही होगा।

18. शासनादेश संख्या–0145/नौ–9–2013 दिनांक–10.12.2013 के द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के अर्न्तगत ठेकेदारों के पंजीयन एवं श्रमिक के पंजीयन कराये जाने अनिवार्य होगें। प्रत्येक निविदा कार्य का पंजीयन ठेकेदार/संस्था को कार्यादेश प्राप्ति पर श्रम विभाग से कराकर पालिका में जमा करना होगा।

19. स्वच्छ भारत मिशन के तहत यथासम्भव सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा नगर पालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर के सी0एण्ड डी0 वेस्ट सेन्टर से निकलने वाले सी0 एण्ड डी0 वेस्ट को निर्माण कार्य में प्रयोग किया जाएगा।

20. अपठनीय/अस्पष्ट स्केन कॉफी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

21. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्र, जनपद–हापुड़ होगा।

22. लेबर सेस की कटौती 01 प्रतिशत की दर से ठेकेदार के देयक से की जायेगी एवं इसके अतिरिक्त अन्य करों की कटौती (जी0एस0टी0) समय–समय पर सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ठेकेदार के देयक से की जायेगी, जो विभाग द्वारा भुगतान के समय ठेकेदार को नियमानुसार देय होगी।

23. ठेकेदार को नगर पालिका की शर्तो एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन करना होगा।

24. ठेकेदार को कार्य स्थल पर कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुये कार्य कराना होगा।

25. अपूर्ण अथवा सही ढ़ंग से न भरी गयी निविदाऐं स्वीकार नही की जायेगी।

26. निविदादाता द्वारा निर्धारित स्टाम्प पर प्रस्तुत शपथ पत्र विधिवत नोटेरी होना चाहिए। Attested शपथ पत्र मान्य नही होगा।

27. शासनादेश संख्या–24वीआईपी(1)/नौ–5–2017–120बजट/2013 नगर, विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांकः 24 अगस्त, 2017 में दी गई व्यवस्थानुसार इन्टरलॉकिंग ब्रिक्स व सीमेंट कंक्रीट (सी0सी0) सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् 5 वर्ष तक अनुरक्षण/रख–रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदारी की/फर्म की होगी तथा परियोजना लागत की 5 प्रतिशत धनराशि परफॉमेन्स गारन्टी के रुप में 5 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़क के समुचित रख–रखाव होने की दशा में ही भुगतान की जायेगी। यदि ठेकेदार द्वारा उपरोक्त शर्तो का अनुपालन नही किया जाता है तो अद्योहस्ताक्षरी को एक पक्षीय अधिकार होगा कि सम्बन्धित ठेकेदार की किसी भी निविदा पर आगामी एक वर्ष तक के लिए कोई विचार नही किया जायेगा।

28. उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कार्यवृत्त टी–1 का अनुपालन/अपलॉड करना अनिवार्य होगा। 10 लाख तथा 10 लाख से ऊपर की लागत के कार्यो हेतु टी–1 अपलॉड करना अनिवार्य होगा। नियम व शर्ते टी–1 के अनुसार मान्य होगी।

14/05/21

निर्माण लिपिक
नगर पालिका परिषद
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

अवर अभियन्ता
नगर पालिका परिषद
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

(पवित्रा त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर
(हापुड़)

(एडवोकेट राकेश बजरंगी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर
(हापुड़)